दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 322 मुरादाबाद 25 March 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की गुजरात मॉडल की तारीफ, बोले- इसे कहीं भी कर सकते हैं लागू



गुजरात के विकास मॉडल की तारीफ करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि इसे देश के किसी भी हिस्से में लागू किया जा सकता है। गुरुवार को विधानसभा में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य के लोगों ने सूबे के विकास में अहम योगदान दिया है। इसके अलावा इसी राज्य से निकले सरदार पटेल और महात्मा गांधी ने पूरे देश को विकास के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बीते कुछ सालों में जिस तरह से गुजरात मॉडल पर काम हुआ है, उससे ऐसा लगता है कि इसे देश के किसी भी हिस्से और किसी भी राज्य में लागू किया जा सकता है। राज्य की विधानसभा में यह किसी भी राष्ट्रपति का पहला संबोधन था। आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर गुजरात विधानसभा में यह आयोजन किया गया था। उन्होंने सदन में कहा, साबरमती रिवर फ्रंट शहरी विकास का एक शानदार मॉडल है। साबरमती नदी और उसके किनारे बसे लोगों के बीच का जो रिश्ता है, उसने ही पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ाने का काम किया है। देश के अन्य शहरों के लिए भी यह विकास मॉडल अनुकरणीय है, जो नदियों के किनारे बसे हैं।

उन्होंने कहा कि सदन में बैठे लोग अपने क्षेत्र और लोगों के प्रतिनिधि होते ही हैं, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि लोगों ने उन्हें भाग्य का निर्माता समझते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की आकाक्षाएं और उम्मीदें जनप्रतिनिधियों से जुड़ी होती हैं। जनता की इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए गुजरात से अच्छी जगह कोई और नहीं हो सकती। उन्होंने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि बापू ने न सिर्फ आजादी के आंदोलन में योगदान दिया बल्कि नया रास्ता, नई सोच और दुनिया को एक नया दर्शन भी दे दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में आज जहां भी हिंसा का माहौल दिखता है, वहां महात्मा गांधी का अहिंसा का मंत्र याद आता है।

## योगी आदित्यनाथ चुने गए विधायक दल के नेता, पेश किया सरकार बनाने का दावा




यूपी में शाम को योगी आदित्यनाथ की ताजपोशी पर औपचारिक रूप से मुहर लगी भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक में योगी को नेता के रूप में चुना गया इसके साथ ही डिप्टी सीएम को लेकर भी सस्पेंस खत्म हो गया यह सारी प्रक्रिया केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह और सह पर्यवेक्षक रघुवर दास की मौजूदगी में होई इसके बाद मुख्यमंत्री राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इससे पहले दिल्ली में हुई बैठक में विधायक दल के नेता के चुनाव से लेकर डिप्टी सीएम सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चेहरों पर बात हुई। कुछ मंत्रियों का रिपीट होना तय है हालांकि उनके विभाग बदले जा सकते हैं।

### योगी आदित्यनाथ के नाम पर लगी मुहर, चुने गए विधायक दल के नेता

शपथ ग्रहण समारोह से पहले लोकभवन में आयोजित विधायक दल की बैठक में योगी आदित्यनाथ को विधायकों ने अपना नेता चुना। शाहजहांपुर से विधायक सुरेश खन्ना ने योगी आदित्यनाथ के नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर सर्वसम्मति से सभी विधायकों ने मुहर लगा दी। अब योगी आदित्यनाथ राजभवन जाएंगे। जहां 273 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलकर वह सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। करीब 37 साल के लंबे अंतराल के बाद लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने का इतिहास रचने जा रहे योगी आदित्यनाथ की ताजपोशी का गवाह शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत 50 हजार से अधिक मेहमान बनेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 25 मार्च को शाम चार बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए भाजपा और प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा कई केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राजधानी लखनऊ को इस खास मौके के लिये विशेष रूप से सजाया संवारा गया है। तिरंगे की रोशनी से सजे चौक चौराहे, दुकानों पर भगवा रंग से लहराते झंडे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के बड़े बड़े कटआउट, फूलों से सजे मंदिर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार की तस्कीद करते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा अयोध्?या, वाराणसी, मथुरा समेत अन्य जिलों में भी यही नजारा दिख रहा है। लखनऊ के सभी मंदिरों में शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं ?यापार मंडल ने शपथ के बाद मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की है। सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले 1985 में कांग्रेस ने यह कारनामा कर दिखाया था जब 1980 के बाद प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार दोबारा आई थी। योगी आदित्यनाथ के अलावा कई अन्य नवनिर्वाचित विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कई नए चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह दिए जाने की प्रबल संभावना है जबकि पहले कार्यकाल में मंत्री रहे कुछ नेताओं को पार्टी संगठन की जिम्मेदारी दी जा सकती है हालांकि इसकी तस्वीर कल शपथ ग्रहण समारोह के बाद साफ हो सकेगी। आज के शपथ ग्रहण समारोह में हजारों निगाहें यह भी देखेंगी कि योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को क्या इसी पद पर दोबारा मौका मिलेगा क्योंकि केशव मौर्य कौशांबी के सिराथू से विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि जिस तरह उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी को हार के बावजूद मुख्यमंत्री की कुर्सी मिली है, वह नजारा यहां भी दोहराया जा सकता है। पल का गवाह बनने के लिये आयोजन स्थल पर मौजूद रहेंगे। गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल शामिल हैं।

## योगी के शपथ ग्रहण से पहले अखिलेश यादव हमलावर, सांडों को लेकर साधा निशाना



एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण की तैयारियों में जुटी है तो विपक्ष में बैठने के जनादेश पाने वाले अखिलेश यादव सरकार पर हमलावर हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को छुट्टा जानवरों की समस्या को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने छुट्टा जानवरों की समस्या को लेकर एक क्लिप को साझा किया, जिसमें बताया गया है कि इस महीने सांडों के हमले से दो लोगों की जान जा चुकी है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भी अखिलेश यादव ने छुट्टा जानवरों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। अखिलेश यादव ने जिस न्यूज क्लिप को साझा किया है उसमें दावा किया गया है, "उत्तर प्रदेश में 11 लाख से अधिक छुट्टा जानवर घूम रहे हैं। मार्च महीने में सांड हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है।" इसमें सांडों के सड़क पर लड़ते हुए तस्वीर भी है। अखिलेश ने बिना किसी व्यक्ति या पार्टी का नाम लिए ट्वीट किया। यूपी में इस समस्या और किसानों में इसको लेकर कथित नाराजगी की वजह से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चुनावी रैलियों में कहा कि दोबारा सरकार बनने पर इस समस्या को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा था कि 10 मार्च के बाद सरकार बनने और आचार संहिता के हटते हुए इस परेशानी को दूर किया जाएगा। भाजपा गठबंधन को चुनाव में 273 सीटों पर जीत हासिल हुई तो सपा गठबंधन 125 सीटों पर सिमट गया। कल लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में योगी आदित्यनाथ मंत्री पद की दोबारा शपथ लेंगे। माना जा रहा है कि सरकार बनते ही योगी सरकार इस मुद्दे पर कुछ बड़े कदम उठा सकती है।

## टेबलेट वा स्मार्ट फोन न मिलने से मायूस हुई छात्राओं ने जिला अधिकारी बांदा से लगाई गुहार




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- राजकीय महिला महाविद्यालय बांदा में आज टेबलेट वा स्मार्ट फोन वितरण के समय लिस्ट में नाम न होने से काफी संख्या में छात्राए मायूस हुई। इस सब के बारे में जब मीडिया कर्मियों ने सी डी ओ महोदय से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो सी डी ओ बांदा द्वारा बताया गया की बांदा जनपद में कुल मिलाकर 32000 डिवाइस की जरूरत है वितरण के लिए मगर अभी तक दस हजार ही उपलब्ध होने की वजह से इन लोगो को ऐसा लगा रहा है। शासन द्वारा जिस तरह से डिवाइस उपलब्ध कराई जाएगी उन्हें उसी आधार पर वितरित पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

## जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने किया विद्यालयों का ओचक निरीक्षण

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने आज सुबह से ही होने वाली हाई स्कूल वा इंटर मीडिएट परीक्षायो को नकल विहीन कराने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए सुबह से ही डी ए वी इंटर कॉलेज वा खानकाह इंटर कालेज का निरीक्षण करने के साथ साथ कमिओ को देखते हुए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जनपद के खानखाह इंटर कॉलेज एवं डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज बांदा का किया निरीक्षण । निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम एवं सी0सी0टी0वी0 कमरों को भी देखा विद्यालयों के प्रिंसिपल्स को निर्देश दिए कि परीक्षाएं नकल विहीन सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएं उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रश्न पत्रों को निर्धारित समय पर ही खोला जाए तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।और परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित ना होने दी जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## पड़ोसी की दबंगई से परेशान दंपति ने जिला अधिकारी बांदा से लगाई गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-बांदा कलेक्ट्रेट परिसर में धीरेंद्र वर्मा पुत्र चुन्ना प्रसाद निवासी गुढ़ा कला नरैनी जिला बांदा ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया है कि हमारे ही पड़ोसी हमारी कच्ची दीवार काटकर अपनी पक्की दीवार बना रहे हैं। जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी आदि देते हैं इसी क्रम में 17.02.22की रात मेरी कच्ची दीवार में पानी जान बूझ कर भर दिया जिससे मेरी दीवार ध्वस्त हो जाने से मेरे डेढ़ साल के बेटे की उसमे दब कर मौके में ही मोट हो गई थी वा पत्नी वा बेटी गंभीर रूप से घायल हो थी। जिसकी सूचना संबंधित थाने में देने के बाद आज तक कोई कार्यवायी नही हुई आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से दबंग लोगो के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की बढ़ेगी मुसीबत, मुरादाबाद कोर्ट में चलेगा मानहानि का मुकदमा

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-फिल्म अदाकारा सोनाक्षी सिन्हा अपने बयान से एक और मुश्किल में पड़ गईं। इवेंट मैनेजर के खिलाफ उनके बयान को लेकर मानहानि का मुकदमा दायर हुआ है। गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दायर मुकदमे पर सुनवाई के बाद इसे स्वीकार कर लिया। मुकदमे की सुनवाई अब एसीजेएम-5 कोर्ट में होगी। चार अप्रैल को सुनवाई की तारीख नियत की गई है। मुरादाबाद के कटघर निवासी प्रमोद शर्मा ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी आदि का मुकदमा कराया। कोर्ट से केस में जमानती वारंट जारी हुए। इस पर 9 मार्च को अभिनेत्री का बयान अखबारों में छपा, इसमें उन्होंने प्रमोद शर्मा के खिलाफ अपशब्द कहे। बयान के आधार पर इवेंट मैनेजर ने अधिवक्ता पीके गोस्वामी की ओर से सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अधिवक्ता का कहना है कि अभिनेत्री ने बयानों में वादी को अपशब्द कहे और वारंट को गलत ठहराया। इससे आहत वादी प्रमोद ने सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अदालत ने दलील के बाद मुकदमे को स्वीकार कर लिया। मामले में एसीजेएम-5 दानवीर सिंह की अदालत में सुनवाई होगी।


## कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु वाहन रवाना,गांव-गांव का भ्रमण कर लोगों को देंगे योजनाओं की जानकारी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जीडीएस व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से नीति आयोग के महत्वाकांक्षी श्रावस्ती जनपद में सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम नेहा प्रकाश ने रवाना किया। यह वाहन गांव-गांव का भ्रमण कर लोगों को योजनाओं की जानकारी देगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा इस जिले को महत्वाकांक्षी जिले के रूप में चयनित किया गया है। ऐसे में यहां केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि विकास, उद्यान विभाग, मनरेगा आदि के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसानों का एटीएम, बीटीएम व टीएसी के सहयोग से ऑफलाइन योजना के पंजीकरण जैसे केसीसी, फसल बीमा, वर्मी कंपोस्ट, नाडेप पीएमकेएसवाई, किसान खेत तालाब, पशु शेड आदि योजनाओं का पंजीकरण किया जाएगा। एडीएम कमलेश चन्द, जॉइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, एसडीएम प्रवेन्द्र कुमार, संस्था के प्रोग्राम मैनेजर डॉक्टर मांडवी दीक्षित और आईटीसी प्रोग्राम के कार्यक्रम समन्वयक अशोक कुमार मौजूद रहे।

## राप्ती नदी में डूबे बालक का शव बरामद



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- एनडीआरएफ की टीम ने 20 घण्टे बाद बरामद किया शव, नहाते समय नदी में था डूबा श्रावस्ती गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसवारा घाट पर राप्ती नदी में डूबे बालक का शव बरामद हो गया।
काफी खोजबीन के बाद कोई सुराग न लगने पर एनडीआरएफ की टीम लगाई गई थी। पुरुषोत्तमपुर ग्राम पंचायत के मदारा पुरवा निवासी जीवनलाल ( 8 ) पुत्र पाटनदीन गांव से टायर चलाते हुए घर से निकला था। गर्मी अधिक होने पर वह गांव के अन्य साथियों के साथ सिसवारा घाट पर राप्ती नदी में नहाने लगा। इसी बीच गहरे पानी मे जाने से वह डूब गया था। सूचना पर एसडीएम आरपी चौधरी और एसओ गिलौला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थे। ग्रामीणों की मदद से खोजबीन भी हुई थी, लेकिन सफलता हाथ नही लगी थी। एनडीआरएफ की टीम लगाई गई थी। करीब तीन घण्टे की तलाश के बाद आखिरकार जीवनलाल का शव राप्ती नदी से बरामद हुआ। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## पास्को एक्ट का वारंटी गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय व पुलिस टीम के द्वारा मु0अ0सं0 34/2018 धारा-354( ख ) आईपीसी 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी मो0 शरीफ पुत्र अब्दुल रहमान निवासी सौटनपुरवा दा0 गोड़ारी थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया

## एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल में घुटना एवं कूल्हा बदलवाने के उपरांत मरीजों के लिए प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद कांठ रोड स्थित एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल में घुटना एवं कूल्हा बदलवाने के उपरांत मरीजों के लिए प्रतियोगिता का किया गया आयोजन दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एशियन विवेकानंद अस्पताल में घुटना एवं कूल्हा बदलवाने के उपरांत मरीजों के लिए अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया दरअसल बृहस्पतिवार को एशियन विवेकानंद अस्पताल के प्रांगण में ऐसे लगभग 65 मरीज जिनका पिछले साल घुटना अथवा कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया था, वही उनके सम्मान में एक अनूठी प्रतियोगिता आयोजित की गई वही इस अनूठी प्रतियोगिता में घुटना अथवा कूल्हा प्रत्यारोपण वाले मरीजों के लिए 400 मीटर दौड़, साइकिल चलाना, एवं मोटरसाइकिल चलाना, वा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, इस आयोजन में मुरादाबाद,रामपुर, संभल अमरोहा, बिजनौर एवं अलीगढ़ से आए हुए लगभग 65 मरीजों ने जिनका घुटना अथवा कूल्हा डॉ मोहम्मद शारिक जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ द्वारा एशियन विवेकानंद अस्पताल में बदला गया था, जहां विभिन्न क्षेत्रों से आए मरीजों ने इस प्रतिभाग किया इस दौरान कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए डॉक्टर मोहम्मद शारिक ने बताया कि घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण के उपरांत अब कोई भी परेशानी नहीं होती है, मरीज सामान्य व्यक्तियों की ही तरह जीना चढ़ सकता है, बैठ सकता है, पैदल चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना, कार चलाना, ट्रक चलाना,आदि सामान्य रूप से कर सकता है, मरीजों को घुटना अथवा कूल्हा बदलवाने में संकोच नहीं करना चाहिए, आगे उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज जिन्होंने घुटना एवं कूल्हा बदलवाया है,और जो मरीज बदलवाना चाहते हैं उन को जागरूक करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

## गैस सिलेंडर लीक हो जाने के कारण स्कूल में खाना बनाने आई महिला झुलसी



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- गैस सिलेंडर लीक हो जाने के कारण स्कूल में खाना बनाने आई महिला झुलसी हालत बनी गंभीर डॉक्टरों ने किया हाय सेंटर रेफर दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र ग्राम दौड़ा निवासी सविता प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाने का काम करती है दरअसल गुरुवार की सुबह 11 बजे सविता नाम की महिला प्राथमिक विद्यालय के किचन में खाना बना रही थी इसी दौरान सिलेंडर लीक होने के कारण महिला आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई जिसे स्कूल प्रशासन ने आनन-फानन में उपचार के लिए मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया

# मुल्क के हर खित्ते में पहुंचेगा अमन और मुहब्बत का पैगाम: मुफ्ती अय्यूब खाँ नईमी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- देश के अहम इस्लामी इदारे जामिया नईमियाँ मुरादाबाद में सैकड़ो तालिबे इल्म की रश्म ऐ दस्तार की गयी । यह रस्म ए दस्तार का कार्यक्रम उसी वक्त इस्लामी इदारों में किया जाता है जब तालिबे इल्म की डिग्री पूरी हो चुकी होती है । इस तरह आज जामिया नईमियाँ मुरादाबाद में कुल 132 छात्रों की शिक्षा पूरी हुई जिसमें 50 छात्रों को मुफ्ती की डिग्री मिली तो 82 छात्रों को फाजिल की डिग्री हासिल हुई । फाजिल में सर्वाधिक अंक लेकर प्रथम स्थान पर मौलाना हारून रजा नईमी सरकडा मुरादाबाद ,दूसरे पर मौलाना युसुफ रामपुरी तथा तीसरे स्थान पर मौलाना रजा और मौलाना तंजील ने डिग्री हासिल की । इन छात्रों को एक शानदार कार्यक्रम में खिताब करते हुए उस्ताद मुफ्ती अय्यूब खाँ नईमी ने कहा की जामिया नईमियाँ मुल्क में अमन और मुहब्बत का पैगाम देने वाला ऐसा शिक्षण संस्थान है जिसकी खुशबू देश के कौने कौने में मौजूद है । अपने छात्रों को खिताब करते हुए उन्होंने कहा की जहाँ भी आप सभी रहो हमेशा अपने मुल्क में मुहब्बत और अमन के पैकर बन लोगों को सही राह दिखाते रहना । इस अवसर पर आज फाजिल में गोल्ड मेडलिस्ट मौलाना हारून रजा नईमी सरकडा मुरादाबाद ने बताया की बडी मेहनत के बाद आज यह दिन देखना नसीब हुआ है इसके लिए मैं अपने माँ बाप और उस्तादों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करूंगा । हम सभी मुल्क के जिस हिस्से में रहेंगे अमन और मुहब्बत का पैगाम देते रहेंगे । इस अवसर पर मुफ्ती सुलेमान नईमी ने सभी को दुआओं से नवाजा । इस अवसर पर देखा गया की सभी छात्रों ने एक दूसरे के गले लगकर मुबारकबाद दी और जिंदगी में साथ रहने का यकीन दिलाया । इस अवसर पर अल्लामा हासिम ,मौलाना अकबर, मुफ्ती करामत, मौलाना बकार,मौलाना नसीम, मौलाना खलील ,कारी रफीक आदि के साथ सैकड़ों बच्चों के माँ बाप गणमान्य लोग मौ0 इदरीश पूर्व जेल विजीटर, नफीस पाशा अरशद अली मौ0 सरताज पाशा , आरिफ सेठ अली अहमद उर्फ मुन्ना नब्बू हसन नाजिम अली और इन्तेजामिया कमेटी जामिया नईमियाँ मुरादाबाद के सरपरस्त रहे ।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से तेदूए की मौत

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर लौंगी खुर्द निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से तेदुंए की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में तेदुंए की मौत की सूचना पर वन विभाग में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने तेदुंए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की देर रात सड़क पार करते हुए कोतवाली क्षेत्र के गांव लौंगी खुर्द स्थित हरकली देवी कन्या महाविद्यालय के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने तेदुंए के टक्कर मार दी। जिसमें तेदुंए की मौके पर तड़प तड़प कर मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीण खेतो जा रहे थे। तो किसानो ने तेदुंए की मौत की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग में तेदुंए की मौत की सूचना पर हड़कंप मच गया। वन विभाग टीम ने तेदुंए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



## बाईक चोरी में बढ़ोत्तरी व नशीले पदार्थो के काले कारोबार की डीएम से शिक़ायत

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- भारतीय जनता युवा मोर्चा कर पूर्व नगर अध्यक्ष पवन कुमार पुष्पद ने बाईक चोरी कर बढ़ते मामलों व नशीले पदार्थों की धड़ल्ले से होते कारोबार पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र कर माध्यम से जिलाधिकारी से शिक़ायत करते हुए बाईक चोरी व नशीले पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाए जाने की मांग की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने ज्ञापन में खस है कि नगर के व्यस्त क्षेत्रो जैसे एसडीएम कोर्ट रोड,तहसील गेट व कोतवाली के सामने स्थित बुध बाजार जैसे क्षेत्रों से बाइक चोरी करके चोर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए लगभग 100 गाड़ियों पर हाथ साफ़ कर चुके है।और पुलिस बाईक चोरियों को रोकने में नाक़ाम साबित हो रही है। नगर व देहात क्षेत्र में स्मैक,गांजा व चरस का काला कारोबार चरम पर होने की बात कही है।भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कहा है कि नशीले पदार्थों के आदि हो रहे हैं ।और पैसों का अभाव होने पर चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Goodbye restrictions

There was a lockdown in India exactly two years ago and now with the removal of the provisions of the Disaster Management Act from April 1, the lockdown will be a matter of history. When the Prime Minister announced the imposition of lockdown on March 24, 2020, then there were 564 people infected with the corona in India and there was a terrible fear about this epidemic. Then people were assuming that corona means death, so when the government decided to lockdown, it was considered as the only option in the direction of saving lives. Today, when the remaining restrictions are also going to end, then the recorded number of corona infected in the country is 23,000, but the fear of corona is over. It's a matter of time. We have become fearless after facing three-three storms of Corona wave. The Standard Operating Procedures issued by the Ministry of Health will continue, but the orders issued by the Central Government for the first time on March 24, 2020 regarding the measures for prevention of Kovid, will end on March 31 and after that appropriate No new order will be issued.“It is being said that the rules of wearing masks and maintaining physical distance will remain in force, but is it possible? Today, the situation is visible in markets, trains, metro, public vehicles, in most places hardly anyone is able to ask anyone to wear a mask, and now only a few people are concerned about physical distance. The government has taken this decision following the recommendations of the National Disaster Management Authority. Of course, all those involved in disaster management deserve congratulations. Despite the timely lockdown and possible precautions, more than four lakh 14 thousand new cases were registered in India on May 6, 2021 at the time of second wave. If strictness had not been taken in a vast country like India, we would not have been able to handle the infection at all. The condition of our health system in April-May 2021 was despite the lockdown. What would have happened if there was no lockdown? So we must accept with an open mind that the lockdown will lead to lakhs of complaints, but the lockdown has saved the lives of countless Indians. America has less than a third of the population compared to us, but it has failed to an extent in preventing corona infection due to lack of lockdown. Even today, more than 25 thousand cases are coming there every day.“However, we will hardly be able to forget the provisions related to corona prevention now, but if such a situation arises in the future, we will have to be better prepared for the lockdown. From April 1, when there will be no restriction of any kind, then schools will also open completely. Cinema halls, auditoriums will also be fully functional. There will be a smooth start of marriage and cultural events, but even then we have to be careful. In some places, the state governments may do away with the requirement of masks or physical distance, but we have to walk from our side seeing the situation. Masks and physical distance are also scientifically indispensable in crowded closed places. The vaccination campaign in India continues even after more than 181.56 crore doses, of course, we have to keep taking all possible steps to stay safe.

# Anupam Kher's blood boiled for calling The Kashmir Files provocative, shared the original video in anger

The Kashmir Files has brought such a storm at the box office, which is definitely breaking some or the other record every day. Vivek Agnihotri's film is going housefull in many places even after 2 weeks of its release. Where on one hand some people are praising this film fiercely. So at the same time some people are giving it the name of propaganda only and only. Some Bollywood celebs have also raised their voice against the film. Many celebs including Adil Hussain and Prakash Raj are calling The Kashmir Files provocative. Meanwhile, artist Anupam Kher, who played an important role in The Kashmir Files, has tried to give a befitting reply to the people by sharing a video (Kashmiri Pandit Real Video) on social media.“What's in the video?“Anupam Kher has shared a news clip related to the ruthless killing of



Kashmiri Pandits in Kashmir. In the news clip, an attempt has been made to tell the truth of the terrorists involved in the killing of Kashmiri Hindus. It really takes a lot of courage to see this video that came out. The way Anupam Kher has put forth his point... it is clearly visible how angry he is with those who call The Kashmir Files propaganda. While sharing the video, Anupam Kher wrote in the caption, "Whoever is commenting on the killing of Kashmiri Hindus or calling #TheKashmirFiles a propaganda film, watch this video of @AP." When terrorists brutally killed 24 innocent people! Apologize to them. Repent. Try to heal the wounds. Not to scrape them.“200 crore film“This film of Anupam Kher and Mithun Chakraborty has earned more than 190 crores in just 2 weeks. Everyone is waiting for Wednesday's box office collection because now this Vivek Agnihotri film will surely enter the 200 crore club. Let us inform that Pallavi Joshi, Darshan Kumar and Bhasha Sumbali have played important roles in this film.

# Priyanka Chopra to star in Hollywood film with Sienna Miller

Mumbai- Bollywood actress Priyanka Chopra will be seen in a Hollywood film with American artist Sienna Miller. Priyanka Chopra has been signed in Anthony Chen's next Hollywood film, which will be based on Shilpi Somaya Goda's novel Secret Daughter. The film is being dealt with by Amazon Studios and Shruti Ganguly will write the adaptation. This novel tells the story of 2 women who are connected to each other through a child. In 'Secret Daughter', there is a married Physician named Summer who lives in San Francisco. She learns that she can never be a mother. In the same year a poor woman in India abandons her to save her daughter. This woman named Kavita remains troubled for the rest of her life due to her decision. Her baby girl's name is Asha, who lives in an orphanage in Mumbai and through this girl, Samar and Kavita get attached to each other. Priyanka Chopra Apart from this film, Amazon's web series 'Citadel', romantic drama film 'Text For You' and will be seen in the action film 'Ending Things'. Apart from this, Priyanka has also signed the film 'Jee Le Zara' to be directed by Farhan Akhtar. Katrina Kaif and Alia Bhatt are going to be seen after him in it.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# भाजपा ने जीत के बाद जनता को रिटर्न गिफ्ट में दी महंगाई: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनावी लाभ के लिए अब तक कीमतों पर रोक लगाए बैठी भाजपा ने जीत के बाद जनता को महंगाई की 'रिटर्न गिफ्ट' देना शुरू कर दिया है। भाजपा के सत्ता में आते ही गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग पर महंगाई की मार दोगुनी हो गई है। डीजल-पेट्रोल, पढ़ाई, दवाई, रसोई गैस, खाना-पीना सब महंगा हो गया है। तानाशाह बन बेतहाशा दाम बढ़ोत्तरी करने वाली भाजपा की जुमलों से इतर यही सच्चाई है। अखिलेश ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों में खूब झूठे वादे किए और लोगों को गुमराह किया गया। भाजपा ने होली और दीवाली में मुफ्त सिलेंडर का वादा किया था। अभी होली आई पर किसी को मुफ्त सिलेंडर नहीं मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुप्रचारित उज्वला योजना पूरी तरह विफल हो गई और महंगी रसोई गैस की वजह से फिर घरों में चूल्हा जलने लगा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच तो यही है कि जब-जब भाजपा सत्ता में आई है, महंगाई में खूब वृद्धि हुई है। रसोई गैस के सिलेंडर के दाम 16 महीनों में 356 रुपये बढ़े हैं। लखनऊ और पटना में रसोई गैस सिलेंडर के दाम हजार रुपये के पार हो गए हैं। भाजपा को आम जनता की परवाह नहीं है, उसकी प्राथमिकता में पूंजीघरानों का हित साधन है। गरीब की जेब पर डाका डाल कर जश्न मनाना ही भाजपा का असली चरित्र है।

## निर्विरोध जीत के प्रमाण पत्र वितरित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र मथुरा-एटा-मैनपुरी से भाजपा के विजयी प्रत्याशियों आशीष कुमार यादव आशू व ओमप्रकाश को निर्विरोध जीत के प्रमाण पत्र वितरित करते हुए निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, मा0 प्रेक्षक महोदय नागेंद्र प्रताप, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार, एडीईओ सुधाकर मैथिल, राजेन्द्र कुमार भारती सहित अन्य अधिकारी गण।

# करंट से बिजली मिस्त्री की जान गइ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थाना जैथरा के गांव विजौरी निवासी विनय कुमार (35) बुधवार शाम को आवास विकास कालोनी में बिजली फिटिंग का कार्य कर रहे थे। कार्य करते समय मिस्त्री को करंट लग गया। करंट लगने से अचेत होकर गिर पड़े। साथी लोग मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचे घरवालों में शव को देख कोहराम मच गया। ट्रैक्टर की कपलिग टूटने से मासूम की मौत- ट्रैक्टर की कपलिग टूटने से मासूम की मौत हो गई। मासूम की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर पुलिस भी पहुंच गई। मामले की जानकारी कर रही है। थाना नयागांव के गांव मंगदपुर निवासी शिवन्या पुत्री मोहित ट्रैक्टर की कपलिग पर बैठी हुई थी। अचानक कपलिग टूट गई। मासूम उसमें दब गई। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर एसओ नयागांव भी पहुंचे। मामले की जानकारी कर रहे है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बालक से कुकृत्य, हत्या के दोषी को उम्रकैद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-फ्रूटी दिलाने के बहाने खेत पर ले जाकर बालक से कुकृत्य करने एवं हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 40 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। आधी धनराशि बालक के पिता को दी जाएगी। विशेष लोक अभियोजक श्रीकृष्ण यादव के अनुसार थाना निधौलीकलां के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 मई 2018 को दोपहर को देवेंद्र पुत्र श्यामलाल निवासी फतेहपुर खालसा निधौलीकलां उनके आठ वर्षीय बेटे को फ्रूटी दिलाने के बहाने ले गया। दुकान से फ्रूटी दिलाने के बाद वह खेत पर ले गया था। वहां उसके साथ कुकृत्य किया। बेटा घर पर जाकर न कह दे इस पर देवेंद्र ने उनके बेटे की फांसी लगाकर हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया था। पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेजा और जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दायर की। बुधवार को दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीलें पेश कीं। दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एक्सक्लूसिव कोर्ट पॉक्सो एक्ट, अपर जिला जज विपिन कुमार तृतीय ने देवेंद्र को दोषी माना। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड में आधी धनराशि पीड़ित पिता को दी जाएगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# सपा के शिकायती पत्र पर चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सपा के प्रमुख नेताओं की ओर से लखनऊ में निर्वाचन आयोग में हुई शिकायत के बाद जिला प्रशासन से जवाब मांगा गया है। आयोग के पत्र के बाद जवाब भेज दिया गया है। वहीं तथ्य भेजे गए है जो नामांकन पत्र में गलत थे। दो दिन पहले निर्वाचन आयोग ने सपा का शिकायती पत्र एटा भेजा था। इसमें सपा की ओर से लगाए गए आरोपों पर जवाब देने के लिए कहा गया था। इस पत्र पर रिपोर्ट तैयार कर आयोग को भेजी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सपा प्रत्याशियों के पर्चों में क्या कमी थी। नामांकन के पहले दिन जो शपथपत्र दिया था उसमें तो सीधे-सीधे विधानसभा चुनाव के प्रारूप पर नामांकन पत्र भरकर दे दिया था। सपा के दूसरे शपथ पत्र में भी थी गलती

# सूखे गए आरओ नही निकल रहा पानी ,साढ़े छह लाख रुपये किए बर्बाद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


एटा- गर्मी शुरू हो गई है, लोग प्यास बुझाने के लिए पानी के स्रोत तलाशने लगे हैं। नगर पालिका ने लोगों को शुद्ध पानी मुहैया कराने के लिए आरओ मशीनें लगा दी हैं, लेकिन अभी तक पानी के कनेक्शन नहीं किए गए हैं। टोंटियां तक नहीं लगाई गई हैं। जिसके चलते करीब साढ़े छह लाख रुपये की लागत से लगे ये आरओ सूखे पड़े हैं। जिसकी वजह से लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए हैंडपंपों के सहारे ही हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के प्रमुख पांच स्थानों पर फरवरी में करीब साढ़े छह लाख की लागत से पानी के आरओ लगाए हैं। इसमें एक आरओ की लागत करीब एक लाख 28 हजार रुपये है। एक आरओ की क्षमता करीब 50 लीटर पानी निकालने की है। बस स्टैंड पर लगा आरओ नहीं हुआ चालू नगर पालिका परिषद ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थान रोडवेज बस स्टैंड पर पानी का आरओ लगाया है। यहां पर तमाम यात्री दिन भर आते-जाते रहते हैं, लेकिन पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग प्यास बुझाने के लिए आसपास की दुकानों से पानी की बोतल खरीद कर पानी पी रहे हैं। रामदरबार पर लगा आरओ भी बना शोपीस जीटी रोड स्थित शहर के प्रमुख मंदिर राम दरबार के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा पानी का आरओ लगाया गया है। यहां पर लगे आरओ में टोंटी तक नहीं लगाई गई है, जिससे लोगों को पानी नसीब हो सके। यहां से लोग दिल्ली अलीगढ़ की ओर जाने वाली बसों का इंतजार करने के लिए खड़े हो जाते हैं, लेकिन पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

# महिला ने पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिले के जैथरा थाने में एक महिला ने अपने पति सहित तीन ससुरालीजन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने और ससुर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। विवाहिता का कहना है कि उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि निधौली कलां थाना क्षेत्र के गांव नगला सेवा में उसकी शादी 15 मई 2021 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीकठाक चला, लेकिन उसके बाद ससुराल के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। हद तो तब हो गई, जब पति भी अपने घरवालों की पक्ष में खड़ा हो गया और दहेज के लिए उसे परेशान करने लगा। विवाहिता का आरोप है कि दहेज में 5 लाख रुपये मांग को लेकर उसे मायके वालों पर दबाव बनाने के लिए कहा गया। जब विवाहिता ने कहा कि मायके वाले इतनी बड़ी रकम नहीं दे सकते हैं तो पति ने जबरन उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं ससुर ने भी उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसने शिकायत की तो गालीगलौज देकर जान से मारने की धमकी दी।

# एटा में अज्ञात युवक का शव बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- हत्या कर फेंका गया अज्ञात युवक का शव, अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, पुलिस अज्ञात युवक की शिनाख्त करने में जुटी, सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, कोतवाली जलेसर क्षेत्र के रेजुआ गांव के पास का मामला

## कलेक्टर एवं एसपी ने राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा,व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने पण्डो नगर स्थित राष्ट्रपति भवन में राज्यपाल अनुसुईया उईके के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। जहां उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मीडिया के लिए बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सभी संबंधित विभाग को समन्वय कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान वनमंडलाधिकारी श्री मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, एसडीएम श्री रवि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रबेस सिसोदिया, श्री उदय पण्डो प्रदेश अध्यक्ष विशेष पिछड़ी जनजाति एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं पुलिस अमला उपस्थित थे। गौरतलब है कि महामहिम राज्यपाल 25 मार्च को पण्डोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचकर स्थानीय पण्डो समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने मीडिया के लिए बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, कुर्सियां, सोफा सहित सभी बेसिक आवश्यकताओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## गर्मी आते ही जंगलों में आग लगने की समस्या निरंतर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- गर्मी आते ही जंगलों में आग लगने की समस्या निरंतर चलते आ रही है तो वही जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी छोड़ घरों में आराम फरमाते नजर आते है गौरतलब है की वन परीक्षेत्र कुदरगढ़ अंतर्गत इन दिनो जंगल मे जगह जगह भिषण आग लगी हुई है जैसे बाक असुरा टमकी कुदरगढ़ चम्पाजोर चपदा भवंरखोह करवा सहित दर्जनों से ज्यादा गांव के जंगल आग के चपेट मे लगातार 4 से 5 दिन में कई जगहों में फैल गई है तो वही कुछ ग्रामीणो का कहना है कि हम लोग वन परीक्षेत्र कुदरगढ़ के वन परीक्षेत्रा अधिकारी नरेंद्र गुप्ता के पास कई बार फोन लगाने की कोशिश किए लेकिन रेंजर साहब का मोबाइल कभी बन्द रहता है या रेंजर साहब फोन रिसीव नहीं करते हैं तो कभी गलती से फोन उठा भी लिए तो बोलते हैं की मैं क्या करूं।आपको बता दे रेंजर नरेंद्र गुप्ता आए दिन सुर्खियों में ही रहते है सरकारी गाड़ियों का दुरुपयोग करना एवम अपने कार्य क्षेत्र में नही रहना जिससे लकड़ी माफिया सक्रिय हो जाते है ऐसे तमाम आरोप इनपर लगते ही रहते है किंतु इन्हे उच्च अधिकारियों का भी डर नही चिंता नही आखिर क्यों ये तो साहब ही बता पाएंगे। जंगल में आग लगने को लेकर नरेंद्र गुप्ता के पास फोन के माध्यम से जानकारी लेने के कोशिश की गई किंतु मोबाइल बंद आया। अब देखना यह लाजमी होगा क्या ऐसे जंगलों में लग रहे आग को समय से बुझाने रेंजर साहब सफल हो पाते है या घर में आराम ही फरमाते रहेंगे।

## सड़क दुर्घटना में हुए मृत्यु परिजननों को मौन धारण करते हुए दिया गया श्रद्धांजलि

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर जिले के चाँदनी बिहारपुर में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र दुबे विगत दिनों अपने सब परिवार के साथ पारिवारिक कार्यक्रम पूजा में शामिल होने उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर जा रहे थे । आधे रास्ते बभनी में ही अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ो से जा टकराई जिसे मौके पर ही श्री दुबे की माता,धर्मपत्नी तथा बड़ा लड़का की दर्दनाक मौत हो गई। मौत का गहरा शोक पुरे क्षेत्र में छाया रहा । श्री दुबे को भी गहरा चोट लगा है । श्री दुबे के सम्मान में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति बिहारपुर के द्वारा उनके मृत परिवार वालों को मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया तथा श्री दुबे को शीध्र स्वस्थ होने की कामना किया गया ।इस दौरान पप्पू जायसवाल, रमेश गुप्ता, जगनाथ प्रसाद सोनी, अशोक ,सुरेश विश्वकर्मा,मुकेश सिंह, बृजेश अग्रहरी, राजेश जायसवाल कार्तिकेय गुप्ता, कमलसाय एक्का, आनंद जायसवाल उपस्थित रहे।

## कुदरगढ़ में दूकान आबंटित व पार्किंग स्थल हेतु आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 29 मार्च निर्धारित



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- माँ कुदरगढी लोकन्यास ट्रस्ट के तत्वाधन में माँ कुदरगढ़ी परिसर में 02 अप्रैल से 09 अप्रैल 2022 तक नवरात्र का आयोजन है। इस दौरान परिसर के क्षेत्र में दुकान लगाने के लिए इच्छुक दूकानदार कुदरगढ़ के ट्रस्ट कार्यालय में संपर्क कर विधिवत फार्म भर कर जमा कर सकते है ताकि ट्रस्ट के नियमों के तहत् निर्धारित चयनित स्थल पर दूकान आबंटित की जा सकें, साथ ही मेला परिसर में दो पहियाँ व चार पहिया वाहनों की पार्किंग स्थल की निविदा भी की जानी है, इच्छुक ठेकेदार विधिवत सभी प्रकार के आवश्यक जानकारी के साथ फार्म भर कर ट्रस्ट कार्यालय में प्रबंधक, सचिव ट्रस्ट के पास जमा करें फार्म जमा करने की तिथि 24 मार्च से 29 मार्च तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात् फार्म जमा करने पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7999186633 एवं 8319040553 पर संपर्क कर सकते है।

www.knlslive.com

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991